SWASTIK NEWS
# स्वास्तिक न्यूज
मुख्य संपादक: विनय दिवान
संपादक: अभिषेक दिवान
swastiknewssafidon@gmail.com | सफीदों | गुरुवार 03 अक्तूबर, 2024 | वर्ष :03 | अंक :10 प्रति शुल्क: 02/- | RNI No. HARHIN/2021/87376
https://swastiknewsharyana.in/ | //facebook.com/swastiknews | YouTube SWASTIKNEWS

# निर्दलीय प्रत्याशी जसबीर देशवाल की विजय शंखनाद रैली में उमड़ा जनसैलाब









## सफीदों को नंबर वन हलका बनाने का लिया है संकल्प : जसबीर देशवाल

**विजय शंखनाद रैली में जुटे चालीस हजार समर्थक, विरोधी खेमों में मच गया हड़कंप, शहर 2 घंटे के लिए हो गया जाम, भीड़ ने बता दिया चुनाव का नतीजा**

स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दीवान

सफीदों। निर्दलीय प्रत्याशी जसबीर देशवाल की अध्यक्षता में बुधवार को शहर की पुरानी अनाज मंडी में विजय शंखनाद रैली का आयोजन हुआ। रैली को संबोधित करते हुए जसबीर देशवाल ने कहा कि इस जनसैलाब ने आज ही चुनाव का फैसला बता दिया है। विजय का शंखनाद हो गया है। अब बस 8 अक्टूबर का इंतजार है। वर्ष 2014 की तरह इस जीत की भी चर्चा पूरे देश में होगी। इस रैली में करीब चालीस हजार लोग पहुंचे थे। इसमें बड़ी संख्या में युवा, महिला और बुजुर्ग शामिल हुए। जसबीर देशवाल के मंच पर पहुंचते ही उनका स्वागत ढोल नगाड़ों फूल मालाओं और पगड़ी पहनाकर हुआ। जनसभा में उमड़े जनसैलाब को देखकर जसबीर देशवाल ने कहा इस स्नेह और विश्वास के लिए सफीदोंवासियों का सदा ऋणी रहूंगा।

### चुनाव जिता दो, आईएमटी बनाकर मिटा दूंगा बेरोजगारी की समस्या

जसबीर देशवाल ने हलके की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि दोबारा विधायक बना तो हलके में आईएमटी इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप बनवाकर बेरोजगारी की समस्या को हमेशा के लिए खत्म कर दूंगा। आपके वोट की ताकत और मेरा औद्योगिक अनुभव आईएमटी के सपने को साकार करेगा। उन्होने कहा कि एक्स्प्रेस वे 152-डी बनने के दौरान ही आईएमटी का मसौदा तैयार किया था। देश के प्रख्यात आर्थिक सलाहकारों एवं उद्योगपतियों से चर्चा कर परियोजना बनाई है। एक्सप्रेस वे के दोनो तरफ आईएमटी में कई उद्योग धंधे स्थापित होंगे और योग्यतानुसार हर युवा को रोजगार मिलेगा। उनके कार्यकाल के दौरान सफीदों सड़क, बिजली, पब्लिक हैल्थ और शिक्षा में अव्वल था अब रोजगार में भी सबसे आगे होगा। हमारी राजनीति का उद्देश्य केवल विकास और रोजगार है।

### मेरी टिकट और पार्टी क्षेत्र की जनता है

जसबीर देशवाल ने कहा कि मेरे पास किसी पार्टी की टिकट नहीं बल्कि जनता की ताकत है। सफीदो की जनता ने 2014 का इतिहास दोहराने का मन बना लिया है और कोई भी ताकत आपके इस फैसले को बदल नहीं सकती है। उन्होने कहा कि लोग विकास करने वाले सेवक को चुनेंगे न कि गाली देने वाले बाहरी नेता को। जसबीर देशवाल ने कहा कि वोट देने से पहले नेता को विकास की कसौटी पर परखा जाना चाहिए। उन्होने सभी विपक्षी उम्मीदवारों को चुनौती देने हुए कहा कि जनता उम्मीदवारों के विकास कार्यों को जांचकर ही बटन दबायेगी।

### टेलीफोन निशान और विपक्षियों पर निशाना

ज्ञात हो कि पूर्व विधायक व निर्दलीय प्रत्याशी जसबीर देशवाल को एकबार फिर चुनाव चिन्ह टेलीफोन का निशान मिला है। टेलीफोन के निशान पर ही जसबीर देशवाल ने वर्ष 2014 में विधानसभा चुनाव जीता था। टेलीफोन का निशान और बाहरी उम्मीदवार का संजोग देखकर समर्थकों में अत्याधिक उत्साह है। जसबीर देशवाल का चुनावी प्रबंधन हर मोर्चे पर सफल दिख रहा है। जसबीर देशवाल हर घर और हर वोटर तक पहुंच रहें है। उनकी जनसभाओं में 36 बिरादरी की भारी भीड़ नजर आती है। जसबीर देशवाल की चुनावी रणनीति और प्रबंधन ने दोनो बड़ी पार्टी के उम्मीदवारों की नींद उड़ा दी है। भाजपा प्रत्याशी ने चुनाव में जसबीर देशवाल को सबसे बड़ा खतरा बताया है। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी अपना प्रचार छोड़कर जसबीर देशवाल के खिलाफ दुष्प्रचार में लग गए है। जसबीर देशवाल ने कहा कि उनके पास वोट मांगने के लिए विकास और रोजगार है जबकि बाकी उम्मीदवारों के पास झूठ और दुष्प्रचार है। उन्होने कहा कि अपने हलके की कमान खुद के हाथों में लेने का समय आ गया है। यह मेरा आखिरी चुनाव है आपने मौका दिया तो विकास की कोई कसर नहीं छोड़ूंगा।

### विजय शंखनाद रैली के कारण शहर में लगा जाम

शहर में जुटी इस भीड़ के कारण हर तरफ जाम लग गया। वहीं भारी भीड़ देखकर विरोधियों के भी होश उड़ गए। जसबीर देशवाल की इस जनसभा ने विरोधियों को यह संकेत दिया कि सफीदों में जनाधार के मामले में उन्हे कोई चुनौती नहीं दी जा सकती। भारी और उत्साही भीड़ को देखकर यही आवाज आ रही थी कि 2014-19 में सफीदों को नंबर वन हलका बनाने वाले जसबीर देशवाल को दोबारा विधानसभा में भेजना है।

### पूर्व विधायक जसबीर देशवाल ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियां गिनवाई, कहा 5 साल में छह सौ करोड़ से करवाया सफीदों का विकास

जसबीर देशवाल ने कहा कि नेताओं द्वारा किए गए विकास कार्यो के बारे में जानना जनता का हक है। जतना को अपने जनप्रतिनिधियों से काम का हिसाब मांगना चाहिए। मेरे कार्यकाल के दौरान हुए विकास एंव समाज कल्याण के कार्य - छह 33 केवी के पावर हाउस, 46 टयूबवेल, 54 नई सड़कों का निर्माण, सफीदों का एक्स्प्रेस-वे राजावाली सड़क, हाट गांव की मेन सड़क, 658 गलियों का निर्माण, 8 फिरनी का निर्माण, खेड़ाखेमावती गांव में आईटीआई, पिल्लूखेड़ा कन्या महाविद्यालय, लगभग 9000 से ज्यादा युवाओं को रोजगार, 33 नई खालों का निर्माण, सीवेज ट्रीटप्लांट सफीदों निर्माण, 184 चौपालों का निर्माण व मरम्मत, 12 रिटर्निंग वाल का निर्माण, 22 बड़े नाले व नाली का निर्माण, 9 कम्यूनिटी सेंटर का निर्माण, 33 शमशान घाट पर हुए कार्य, 5 गउघाट का निर्माण, नि:शुल्क ऐम्बूलेन्स सेवा, तीर्थ यात्री नि:शुल्क बस सेवा इत्यादि है। हजारो युवाओं को देश विदेश में रोजगार देने का काम किया। उन्होने लोगो से अपील करते हुए कहा कि अगली पीढ़ी संवारने के लिए खासकर तीन मुद्दे शिक्षा, ग्रामीण विकास और रोजगार पर ही वोट करना।





### जसबीर देशवाल ने जारी किया संकल्प पत्र

जसबीर देशवाल के संकल्प पत्र में हर वर्ग और हर क्षेत्र के कार्य शामिल है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वच्छता और शुद्ध पेयजल सुविधाओं पर खास ध्यान दिया गया है।

**रोजगार-** 152- डी के दोनो तरफ औद्योगिक क्षेत्र के निर्माण पश्चात हजारों युवाओं को मिलेगा रोजगार

**शिक्षा-** पिल्लूखेड़ा में महिला महाविद्यालय का निर्माण, तकनीक व मेडिकल शिक्षक संस्थानों का निर्माण, गांवों में लाईब्रेरी खुलवाने का प्रयास, छात्राओं को स्कूल कालेज जाने के लिए **नि:शुल्क बस का प्रबंध,** विद्यार्थियों के लिए के लिए नि:शुल्क कॅरियर काउन्सिलिंग सेंटर व कोचिंग की व्यवस्था

ओपेन जिम का निर्माण, हर बड़े गांव में स्टेडियम का निर्माण

**सड़क -** जींद पानीपत फोरलेन का निर्माण, सभी गांवों से लिंक रोड व सभी प्लाटियों का निर्माण

**स्वच्छता-** गांवों में गंदे जोहड़ की सफाई और जोहड़ को पक्का निर्माण, वार्ड को धूलमुक्त बनाने के लिए ज्यादा ड्रेन बनाना। गांवों और शहर को गडढा मुक्त बनाना।

कूड़े के निराकरण के लिए शहर के बाहर डम्पिंग ग्राउंड का निर्माण

मृत गायों के लिए हडवारा का निर्माण

**सुरक्षा-** गांवों व शहर के वार्डो में सीसीटीवी कैमरे लगाना, सामाजिक व महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक व संवेदनशील जगहो पर सीसीटीवी कैमरा लगवाया जाएगा

**स्वास्थ्य शिविर-** गांवों व शहर वार्डों में प्रतिमाह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, सिविल हॉस्पिटल में लेडी सर्जन की व्यवस्था व एक्सरे, एमआरआई जैसी अत्याधुनिक मशीनों का प्रबंध,

**समाज कल्याण सेवा-** समाज कल्याण सेवा के सभी कार्ड की आपके दरवाजे पर डिलीवरी

**हरित योजना-** वार्ड व गांवों को हर भरा रखने के लिए बड़े स्तर पर पौधारोपण





**खबर एक्सप्रेस**

## सारी दुनिया में अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है महात्मा गांधी का जन्म दिवस

**पानीपत।** खादी आश्रम, पानीपत एवं पानीपत नागरिक मंच की अध्यक्षा श्रीमती निर्मल दत्त ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म दिवस सारी दुनिया में अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है तथा इसी दिवस पर देश रत्न लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस भी सारे राष्ट्र में श्रद्धापूर्वक मनाया जाता है। इस दिवस पर इन दोनों नेताओं के आदर्शों, त्याग एवं राष्ट्र के प्रति उनके बलिदान को स्मरण कर राष्ट्र की सेवा एवं राष्ट्र निर्माण के लिए प्रतिज्ञा की जाती है। खादी आश्रम, पानीपत के तत्वावधान में इस दिवस को मनाने हेतु नगर के प्रबुद्ध नागरिकों की एक सभा दिनांक 2 अक्टूबर, 2024 दिन बुधवार को प्रात: 08 :30 बजे खादी आश्रम, पानीपत के श्री सोमभाई हाल में आयोजित की जा रही है। उन्होंने नगर के प्रबुद्ध नागरिकों से इस सभा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील भी की।

## पीसीसी अकैडमी में किया गया एक सेमिनार का आयोजन

**पानीपत।** आज पीसीसी अकैडमी में एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसका मुख्य




उद्देश्य आने वाली 5 अक्टूबर को वोट देने को लेकर था। इस मौके पर अकादमी के निदेशक राजीव परुथी ने हरियाणा की सभी जनता को वोट देने की अपील की एवं राजीव ने कहा वोट देना हमारा अधिकार और कर्तव्य है, राजीव ने सभी बच्चों को शिक्षा दी कि वह अपने माता-पिता को एव आस पड़ोस में दोस्तों में सोशल मीडिया के माध्यम से सभी को अपील करें कि वह वोट जरूर दें। राजीव ने कहा वोट किसको देना है यह उनका अधिकार है पर वोट जरूर देना है यह हम सब का कर्तव्य बनता है और इसके कई महत्वपूर्ण कारण हैं हमारी आवाज सुनने का मौका: वोट देने से हम अपनी आवाज सुनने का मौका देते हैं और अपने देश के भविष्य को आकार देने में भाग लेते हैं हमारे अधिकारों की रक्षा: वोट देने से हम अपने अधिकारों की रक्षा करते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि हमारी सरकार हमारे हितों का ध्यान रखे हमारे समुदाय के लिए: वोट देने से हम अपने समुदाय के लिए बेहतर भविष्य बनाने में मदद करते हैं और अपने समुदाय के मुद्दों का समाधान करने में भाग लेते हैं हमारे देश के लिए: वोट देने से हम अपने देश के लिए बेहतर भविष्य बनाने में मदद करते हैं और अपने देश के विकास में भाग लेते हैं हमारी जिम्मेदारी वोट देना हमारी जिम्मेदारी है और हमें इसका उपयोग करना चाहिए ताकि हम अपने देश के भविष्य को आकार देने में भाग ले सकें मौके पर सभी बच्चों ने हरियाणा में हो रही राजनीति पर चर्चा की एवं हमारा हरियाणा किसके हाथों में दिया जाए इसके ऊपर जमकर चर्चा हुई सभी युवा पीढ़ी ने वोट देने का मन बना लिया है कुछ लोग वोट इसलिए नहीं डालते कि वह सोचते हैं मेरे वोट डालने से क्या होगा परंतु बच्चों ने नाटक के माध्यम से बताया कि एक वोट हमारे लिए कितना कीमती है इस मौके पर शिल्पा परुथी,पलक सहगल, अंजलि सिमरन तागरा,संजना धमीजा, आदि मौजूद रहे मौके पर पलक सहगल एवं अंजलि तागरा ने कहा इन कारणों से, वोट देना हमारा अधिकार और कर्तव्य है, और हमें इसका उपयोग करना चाहिए।

## एम कॉम फाइनल के छात्र- छात्राओं के लिए शोध पत्र राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**पानीपत।** जी.टी रोड स्थित आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय पानीपत, में एमकॉम फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के लिए 'शोध पत्र राइटिंग' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रोजगार प्रदर्शन पर ह्यूमन संसाधन प्रबंधन अभ्यास का प्रभाव एवम उपभोक्ता व्यवहार पर विपणन का प्रभाव जैसे विषयों पर रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता में 10 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने छात्र- छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि शोध पत्र प्रकाशित करना अक्सर अकादमिक पदोन्नति और कार्यकाल के लिए एक आवश्यकता होती है। यह शोधकताओं को अपने क्षेत्र में खुद को विशेषज्ञ के रूप में स्थापित करने और अपने काम के लिए मान्यता प्राप्त करने में भी मदद करता है। इससे उन्नति के नए अवसर मिल सकते हैं और शोधकताओं को उच्च गुणवत्ता वाले शोध के लिए प्रतिष्ठा बनाने में मदद मिलती है। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रतियोगिता के युग में भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए इस तरह की गतिविधियों में भाग लेना जरूरी है। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा ने विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके प्रस्तुतीकरण की सराहना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में शोध पत्र प्रकाशित करने से शोधकर्ता और शोध को विश्वसनीयता मिलती है, और शोधकर्ता और उनके काम में जनता का भरोसा बढ़ सकता है। इससे शोधकर्ता को फंडिंग, सहयोग और अन्य अवसर प्राप्त करने में मदद मिल सकती है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों के अंदर की प्रतिभा निखर कर आती है और उन्हें व्यवहारिक जीवन से अवगत करवाती है। इस प्रतियोगिता का आयोजन एम कॉम फाइनल ईयर की मेंटर सुश्री रूहानी शर्मा द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका सुश्री निशा गुप्ता ने निभाई।इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवानी , द्वितीय स्थान सिमरन , तृतीय स्थान काजल व सांत्वना पुरस्कार मंजू ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों एवं विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## सहारा इंटरनेशनल स्कूल में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन



**रादौर।** सहारा इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को गांधी जयंती के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने गांधी जी के जीवन और शिक्षाओं को समर्पित एक विशेष नृत्य प्रदर्शन किया। बच्चों ने गांधी जी के जीवन के विभिन्न चरणों उनके संघर्षों और अहिंसा व सत्य के प्रति उनकी अटूट प्रतिबध्दता को चित्रित किया। महान विरासत को श्रद्धांजलि देने के लिए छात्रों ने गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी की पोशाक पहनी थी। विशेष प्रार्थना सभा में स्कूल उप प्रधानाचार्य रितु गोगिया ने छात्रों को गांधी जी के सिद्धांतों से अवगत कराया। जिसका उद्देश्य बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए उनमे अच्छी आदतें डालना है।

## रैशनल वर्ल्ड स्कूल के प्रांगण में गांधी जयंती का दिवस धूमधाम से मनाया

**रादौर।** शहर के रैशनल वर्ल्ड स्कूल के प्रांगण में मंगलवार को गांधी जयंती का दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में छात्रगणों के द्वारा कई गतिविधिया की गई। इस अवसर पर गांधी जी को याद करते हुए किंडरगार्टन के सभी छात्रगण गाँधी जी की प्रसिद्ध वेशभूषा में नज? आए। छोटे छोटे छात्र खादी के धोती कुर्ते में बहुत सुंदर लग रहे थे। वहीं दूसरी ओर कक्षा पहली व दूसरी के छात्रगणों ने क्ले मौल्डिंग द्वारा गाँधी जी की प्रिय वस्तुएं जैसे:- चश्मा, चरखा, घड़ी आदि बनाए। कक्षा तीसरी से पांचवी के छात्रगणों के द्वारा विद्यालय में सफाई अभियान चलाया। गांधी जी के जीवन पर भाषण व कविता के द्वारा प्रकाश डाला गया गया। कक्षा छठी से उच्च स्तर के छात्रगणों ने नुकड़ नाटक द्वारा स्वच्छ भारत अभियान से अवगत करवाया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या परनीत कौर ने सभी भारतवासियों को गाँधी जयंती की बधाई देते हुए कहा कि महात्मा गाँधी जी के हमारे देश भारत के लिए किये गए कामो को हमे हमेशा याद रखना चाहिए। उन्होंने भारत को अंग्रेजो से आजाद करवाने के लिए बहुत सारे आन्दोलन चलाये तथा लोगो को वे हमेशा अपने साथ ले कर चलते थे। उनके इन महान कामो को भारत देश हमेशा याद रखेगा।

# 46वें कुरुक्षेत्र विश्वविधालय जोनल यूथ फेस्टिवल का एसडी पीजी कॉलेज पानीपत मे होगा आयोजन

- **करनाल जोन के 71 कॉलेज 42 विभिन्न सांस्कृतिक एवं कलात्मक प्रतिस्पधाओं में करेंगे अपने हुनर एवं जौहर का प्रदर्शन**

स्वास्तिक न्यूज/विनय दिवान

पानीपत। एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में 16 से 18 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले कुरुक्षेत्र विश्वविधालय कुरुक्षेत्र के चिर-प्रतिष्ठित युवा एवं सांस्कृतिक विभाग द्वारा प्रायोजित 46वें करनाल जोन-यूथ फेस्टिवल के अवसर पर आयोजित विमर्श में 35 से अधिक कालेजों के प्राचार्यों और सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रभारियों ने हिस्सा लिया और यूथ फेस्टिवल से सम्बंधित विषयों पर अपने सुझाव दिए और मंत्रणा की ।

सभी प्राचार्यों ने प्रतिभागी कालेजों के विद्यार्थियों को जोनल युवा महोत्सव को देखने का आह्वान किया परन्तु इस अपील के साथ कि प्रत्येक विद्यार्थी पहचान पत्र के साथ ही कॉलेज में पधारे । एसडी पीजी कॉलेज को इस वर्ष के जोनल युवा महोत्सव (करनाल जोन) की मेजबानी का दायित्व और गौरव प्राप्त हुआ है । विदित रहे कि यूथ फेस्टिवल कुरुक्षेत्र विश्वविधालय कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित किया जाने वाला सर्वाधिक गौरवमयी और लोकप्रिय फेस्टिवल है जिसका इंतजार प्रत्येक कॉलेज और विद्यार्थी को रहता है। इस बार आयोजित जोनल युवा महोत्सव (करनाल जोन) में कुल 42 विधाओं में कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

आज आयोजित विमर्श में राजकीय महाविधालय इसराना, राजकीय महाविधालय पानीपत, राजकीय महाविधालय बहरामपुर बापौली, पंडित चिरंजीलाल राजकीय महाविधालय करनाल, राजकीय महाविधालय घरौंडा, शहीद उधम सिंह राजकीय महाविधालय मटक माजरी



इंद्री, दयाल सिंह कॉलेज करनाल, गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल, जीवन चाणना महिला महाविधालय असंध, आर्य पीजी कॉलेज पानीपत, आईबी कॉलेज पानीपत, चौधरी देवी लाल महिला महाविधालय सिवाह, गरु ब्रह्मानंद महिला महाविधालय कुराना, पाईट समालखा, गीता डिग्री कॉलेज सेहरा, एपीट एसडी इंडिया पानीपत, राजकीय महिला महाविधालय घरौंडा, एसजीटीबीजी राजकीय महाविधालय तरावड़ी, एमडी राजकीय महिला महाविधालय दादुपुर आदि के प्राचार्यों और सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रभारियों ने हिस्सा लिया । प्रमुख रूप से प्राचार्य जगदीश गुप्ता, डॉ अजय गर्ग, डॉ अनीता जून, डॉ मीरा कश्यप, डॉ स्नेह यादव, प्रो सुमन लता, प्रो मंगल सेन, डॉ कविता तनेजा, प्रो बीर सिंह, डॉ हेम लता शर्मा, डॉ मिनाक्षी चौधरी, प्रो राम निवास, डॉ निधान सिंह, डॉ सुनीत शर्मा, डॉ सुनीता हांडा, प्रो उर्मिला, प्रो सुरेश कुमार, प्रो भारती, डॉ जगदीश शर्मा, प्रो सुमन, प्रो एकता, डॉ श्रुति, डॉ हंस राज आदि ने विमर्श में हिस्सा लिया और प्रतिस्पर्धा की विभिन्न विधाओं के लिए आयोजित लाटरी ड्रा में हिस्सा लिया । माननीय मेहमानों का स्वागत कॉलेज प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा और कॉलेज में सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रभारी डॉ संगीता गुप्ता ने किया ।

ज्ञात रहे की एसडी पीजी कॉलेज वर्ष 2013 में भी जोनल युवा महोत्सव की सफलता पूर्वक मेजबानी कर चुका है। प्रधान दिनेश गोयल ने कहा कि युवा महोत्सव से छात्र-छात्राओं को हरियाणवी संस्कृति, लोक काव्य और कला के बारे में तो सिखने को मिलेगा ही, साथ ही नए-नए विषयों और समस्याओं एवं उनके समाधान के बारे में भी उन्हें जानने को मिलेगा । डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि वे सभी कालेजों के प्राचार्यों, प्रभारियों और प्रतिभागी विद्यार्थियों का इस जोनल युवा महोत्सव में स्वागत करते है ।

उन्हें उम्मीद है कि इस महोत्सव को सफल बनानने में हर कॉलेज अपना पूर्ण सहयोग देगा और प्रत्येक विधा के निष्पादन के समय अनुशासन एवं समय का पालन अवश्य करेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रभारी डॉ संगीता गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक कॉलेज में ऐसे बहुत से छात्र और छात्राए है जो की बहुत ही प्रतिभाशाली है । उन्हें निखारने और उनकी कला को सब के सामने लाने का दूसरा नाम ही युवा महोत्सव है जिसका आयोजन प्रत्येक वर्ष कुरुक्षेत्र विश्वविधालय द्वारा किया जाता है। इस अवसर पर कॉलेज के समस्त स्टाफ सदस्य जिनमें डॉ एसके वर्मा, डॉ मुकेश पुनिया, चिराग सिंगला आदि मौजूद रहे।

## सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने महाविद्यालय में हर्बल- बॉटनिकल गार्डन की स्थापना की



स्वास्तिक न्यूज/सुनील कमानिया

**पानीपत।** शहीद उधमसिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी, इंद्री की प्राचार्या डॉ चंचल रानी की अध्यक्षता में हरियाणा में ग्रीनमैन के नाम से मशहूर देशबंधु गुप्ता राजकीय कॉलेज, पानीपत के सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने महाविद्यालय में हर्बल-बॉटनिकल गार्डन की स्थापना की। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षण और गैर शिक्षण स्टाफ के साथ-साथ 100 से अधिक विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार द्वारा अपने खर्चे पर लाए गए 220 से अधिक पौधों को इस हर्बल पार्क के लिए महाविद्यालय को भेंट किया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ चंचल रानी ने कहा कि हमें अपनी पुरातन और आयुर्वैदिक शिक्षा की ओर लौटना चाहिए। प्रोफेसर राजकुमार ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि हम सब को अधिक से अधिक पौधे रोपित करने चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक डॉ लक्ष्मी अध्यक्ष बॉटनिकल विभाग ने कहा कि महाविद्यालय में हर्बल-बॉटनिकल गार्डन बनना गौरव का विषय है इस अवसर पर डॉ राजकुमार, डॉ अनिल कुमारी ढिल्लो,डॉ लक्ष्मी, डॉ राजीव गुप्ता, डॉ बालऋषि, डॉ डिम्पल, डॉ वंदना,,हरियाली युवा संगठन से सूरजभान बुटानखेड़ी, केहर सिंह, पर्यावरण प्रहरी नवनीत, एन एस एस के स्वयंसेवक सहित समस्त महाविद्यालय स्टॉफ मौजूद रहा।

## आर्य कॉलेज में हुआ विस्तार व्याख्यान का आयोजन

स्वास्तिक न्यूज/विनय दिवान

**पानीपत।** आर्य कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग एवं आईक्यूएससी के संयुक्त तत्वावधान में साइबर क्राइम विषय पर एक दिवसीय विस्तार व्याख्यान का आयोजन करवाया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के तौर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस कॉलेज के वाणिज्य विभाग के प्रो. सुमनजीत सिंह ने शिरकत की।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता व अर्थ शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सतबीर सिंह ने मुख्य वक्ता का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर पुष्पगच्छ दे कर स्वागत किया। वहीं प्राचार्य ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अर्थशास्त्र विभाग के सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी।प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में युवा मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं और आज सबसे ज्यादा क्राइम भी मोबाइल यानि साइबर क्राइम मोबाइल, इंटरनेट व




कंप्यूटर पर ही हो रहे हैं। इससे हमें सावधान व जागरूक रहना होगा। डॉ. गुप्ता ने कहा कि हमें कभी भी किसी अनजान से नबंर से कॉल रिसीव नहीं करनी चाहिए और ना ही किसी के साथ अपना ओटीपी शेयर करना चाहिए।प्रो.सुमनजीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि साइबर अपराध विभिन्न रूपों में किये जाते हैं। कुछ साल पहले, इंटरनेट के माध्यम से होने वाले अपराधों के बारे में जागरूकता का अभाव था। साइबर अपराधों के मामलों में भारत भी उन देशों से पीछे नहीं है, जहाँ साइबर अपराधों की घटनाओं की दर भी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। साइबर अपराध के मामलों में एक साइबर अपराधी, किसी उपकरण का उपयोग, उपयोगकर्ता की व्यक्तिगत जानकारी, गोपनीय व्यावसायिक जानकारी, सरकारी जानकारी या किसी डिवाइस को अक्षम करने के लिये कर सकता है।

## गैलेक्सी परिवार की ओर से मां बाला सुंदरी त्रिलोकपुर मे नवरात्रों में विशाल भंडारे का आयोजन

स्वास्तिक न्यूज/सुनील कमानिया

**तरावड़ी।** गुरुजनों के आशीर्वाद से अपने माता-पिता की स्मृति में गैलेक्सी बासमती चावल के निमार्ता गोयल इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड परिवार की ओर से में मां बाला सुंदरी त्रिलोकपुर के पवित्र स्थान पर मां के नवरात्रों के उपलक्ष में गैलेक्सी परिवार की ओर 3 अक्तूबर वीरवार से विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यह भंडारा माता जी के प्रथम माँ के नवरात्रि से लेकर चौदस तक भंडारा चलेगा। गैलेक्सी ग्रुप के एमडी विजय गोयल ने बताया की मां बाला सुंदरी जी की असीम कृपा से और गुरुजनों के आशीर्वाद से अपने पूर्वजों माता स्वर्गीय सत्या देवी पिता स्वर्गीय देवी चंद्र गोयल जी की याद में विशाल भंडारा चलाया जा रहा है।


यह विशाल भंडारा रोजाना प्रातः 4:00 बजे से लेकर रात्रि 12:00 बजे तक चलेगा। इस भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए व्रत का भोजन भी अलग से बनाया जायेगा। जिसमें



जानकारी देते हुये एमडी विजय गोयल व विपुल गोयल

रोजाना हजारों श्रद्धालु भंडारा रूपी प्रसाद ग्रहण करेगें। हैं। गैलेक्सी ग्रुप की ओर से पिछले चैत्र के नवरात्रों में भी मां बाला सुंदरी के मंदिर पर नवरात्रों मे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था।

बता दें इससे पूर्व भी गैलेक्सी परिवार की ओर से वृंदावन में भी नव कुंडीअति विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत सप्ताह यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था। जिसमें शहर के सभी लोग वृंदावन में श्रीमद् भागवत कथा सुनने पहुंचे थे। गैलेक्सी परिवार की ओर से पूरा वर्ष कहीं ना कहीं हमेशा पुण्य के कार्य होते रहते हैं।




हरियाणा के जींद जिले में वर्ष 2024 की सर्व पितृ अमावस्या पर बुधवार को जींद के पांडू पिंडारा तीर्थ पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। तीर्थ में स्नान के बाद पिंडदान किया और अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति की कामना की। ऐसा माना जाता है कि सर्व पितृ अमावस्या पर उन लोगों का श्राद्ध कर्म किया जाता है, जिनकी मृत्यु तिथि परिवार के सदस्य भूल जाते हैं। मान्यता है कि अमावस्या के दिन पितरों के नाम पर दान करना बहुत भी फलदायी होता है। श्राद्ध पक्ष बुधवार से समाप्त हो गया। बुधवार सुबह से ही पितरों के तर्पण के लिए पिंडारा तीर्थ पर श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। इस दौरान तीर्थ पर प्रशासन की तरफ से पुख्ता प्रबंध किए गए, लेकिन गोहाना रोड पर जाम की स्थिति रही।

*स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दिवान*

# पाइट में देश के प्रिंसिपल बोले- आजीवन सीखते रहने वाले ही आगे बढ़ते हैं

- **एजुलीडर समिट में अलग-अलग राज्यों से पहुंचे प्रिंसिपल, स्किलहब पर हुई चर्चा**

स्वास्तिक न्यूज/सुनील कमानिया

**समालखा।** पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में देशभर के प्रिंसिपलों ने कहा कि जो छात्र और शिक्षक आजीवन सीखते हैं, वही कामयाब होते हैं। शिक्षक समाज की नींव को मजबूत करते हैं। छात्र आगे चलकर देश का भविष्य बनते हैं। इसलिए सीखना बेहद आवश्यक है। दरअसल, अवसर था एजुलीडर्स समिट का। राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश से




लेकर बिहार और अन्य राज्यों से पहुंचे प्रिंसिपल ने यह भी जाना कि स्कूल को कैसे स्किलहब बनाया जा सकता है। पाइट के वाइस चेयरमैन ने कहा कि स्थिरता, नवाचार, मूल्य, समग्र विकास, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, और सहयोग इस शिखर सम्मेलन का मुख्य विषय रहा। 15 राज्यों के 30 विभिन्न शहरों से आए लगभग 70 प्रिंसिपल व स्कूल शिक्षकों ने नेशनल एजुकेशन पॉलिसी पर चर्चा की। नॉर्थ इंडिया में पाइट ऐसा कॉलेज रहा, जिसे सीबीएसई ने स्किल एजुकेशन रिसोर्स इंस्टीट्यूट के रूप में चुना। स्कूल के प्रिंसिपलों को कॉलेज में आमंत्रित किया। पतंजलि ग्रुप के स्कूल प्रोजेक्ट्स के निदेशक कुलभूषण कैन और डीपीएस ग्रेटर नोएडा की प्रधानाचार्या संध्या अवस्थी के बीच स्थायी भविष्य विषय पर पैनल डिस्कशन हुआ। संध्या अवस्थी ने कहा कि सतत विकास लक्ष्य को शैक्षिक प्रणालियों में एकीकृत किया जाना चाहिए। नैतिक मूल्यों और पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ाना आवश्यक है। केवल तकनीकी नवाचार से सफलता प्राप्त नहीं की जा सकती। हर आविष्कार समाज और पर्यावरण के हित में हो। तभी वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों का जीवन बेहतर हो सकेगा। पाइट से स्टार्टअप सेल की प्रमुख डॉ. शक्ति अरोड़ा ने कहा कि इंडस्ट्री में जिस स्किल की डिमांड है, स्कूल व कॉलेज में वही पढ़ाया जाना चाहिए। फ्लिप्ड लर्निंग जैसे प्रयोग करने होंगे। पाइट के सचिव सुरेश तायल ने कहा कि शिक्षकों को छात्रों के मानसिक विकास पर भी ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

अपने लक्ष्य पर फोकस करें। सफलता जरूर मिलेगी। डीपीएस रिफाइनरी स्कूल से सुरेंद्र पी. सचदेवा, नव्या चिल्ड्रन स्कूल दिल्ली से ओशिमा माथुर, डीएवी स्कूल गुरुग्राम से प्राचार्य चारु, ब्ल्यू बेल मॉडल स्कूल गुरुग्राम से प्रिंसिपल अल्का सिंह और एजुकेशनल कंस्लटेंट मंजू राणा 360-डिग्री आइडिया जेनरेशन पर पैनल डिस्कशन किया। पैनलिस्टों ने भगवान श्रीकृष्ण की तरह निष्पक्ष होने और समाज के कल्याण के लिए शिक्षा को बढ़ावा देने की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को पहले खुद को बदलना चाहिए। शिक्षकों और छात्रों दोनों को आजीवन सीखते रहना चाहिए। उन्होंने यह भी चर्चा की कि शिक्षा को केवल डिजिटल उपकरणों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए।

# विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत रखी जाए कड़ी निगरानी : पंकज अग्रवाल

- शत प्रतिशत मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग से निगरानी की व्यवस्था - मुख्य निर्वाचन अधिकारी
- वेबकास्टिंग की निगरानी तीन स्तर पर होगी
- मतदान के दिन शिकायतों की सुनवाई के लिए अलग से नोडल अधिकारी किए जाए नियुक्त

स्वास्तिक न्यूज/विनय दिवान

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश के मतदान केंद्रों पर व्हील चेयर होनी चाहिए ताकि दिव्यांग मतदाताओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। इसके अलावा, मतदान केंद्रों पर बिजली के साथ-साथ पीने के पानी और लाईन लंबी होने पर बुजुर्ग, दिव्यांग व महिला मतदाताओं के बैठने का प्रबंध किया जाए।

अग्रवाल चंडीगढ़ से विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपायुक्त/जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ हरियाणा विधानसभा आम चुनाव 2024 के प्रबंध को लेकर समीक्षा बैठक कर रहे थे।

अग्रवाल ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि दिव्यांग व 85 वर्ष आयु से अधिक के मतदाताओं द्वारा घर से किए गए मतदान की रिपोर्ट, सर्विस वोटर के पोस्टल बैलेट की रिपोर्ट तथा चुनाव ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों के पोस्टल मतदान की रिपोर्ट प्रति दिन मुख्यालय को भेजी जाए। उन्होंने कहा कि अभी 3 दिन का समय मतदान के लिए शेष है इसलिए मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक भी किया जाए।

## मतदान केंद्र के अंदर कोई शरारती तत्व गलती करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ की जाएगी सख्त कानूनी कार्रवाई

अग्रवाल ने कहा कि विधानसभा आम चुनाव 2024 के दौरान मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग निगरानी के लिए राज्य नियंत्रण कक्ष, जिला नियंत्रण कक्ष व विधानसभा के नियंत्रण कक्ष बनाए गये है। इसके अलावा, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भी वेबकास्टिंग द्वारा निगरानी की जाएगी। किसी भी मतदान केंद्र पर मतदान के दिन पोलिंग एजेंट पोलिंग स्टेशन में केवल वही कार्यकलाप करेंगे जिसकी उनको अनुमति है। इसके अलावा, यदि वो कुछ भी गलत करते पाये जाते है तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी। इस बारे विस्तृत हिदायतें जारी की जा चुकी है। मतदान के दिन उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों द्वारा दी गई शिकायतों की सुनवाई के लिए अलग से नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए। अग्रवाल ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश में 5 अक्तूबर को विधानसभा के लिए मतदान होना है इसके मध्यनजर अवैध शराब, नशीले पदार्थ, नकदी और अवैध हथियार आदि को रोकने के लिए नाकों पर ओर अधिक चौकसी बरती जाएं। इसके अलावा, जिलों में गठित निगरानी टीमों को और अधिक सक्रिय किया जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान से पहले मतदान केंद्रों तक और मतदान के बाद मतदान केंद्रों से ईवीएम को पुख्ता सुरक्षा प्रबंधों के साथ स्ट्रांग रूम में रखवाया जाए। इसके अलावा, ईवीएम ले जाने वाले वाहन को रास्ते में अन्य किसी भी स्थान पर न रोका जाए। सुरक्षा के मध्येनजर ईवीएम को लाने व ले जाने वाले वाहनों पर जीपीएस लगा होना चाहिए। अग्रवाल ने निर्देश दिए कि मतदान केंद्र के अंदर चुनाव डयूटी पर तैनात महिला कर्मचारियों के पति मतदान केंद्र के अंदर नहीं बैठ सकते। इसी तरह से महिला मतदाता द्वारा जब मतदान किया जाए तो मतदान के लिए उसके पति को मतदान कम्पार्टमेंट में जाने की बिलकुल अनुमति नहीं होगी और ऐसा करना गैर कानूनी होगा। ऐसा करने पर कानूनी कार्यवाही भी की जाऐगी।

## निर्वाचन आयोग ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए एग्जिट पोल जारी करने पर 5 अक्तूबर शाम 6.30 बजे तक लगाई रोक

**चंडीगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए एग्जिट पोल जारी करने पर रोक लगाई है। जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 126 ए, के तहत मतदान शुरू होने के लिए निर्धारित समय से लेकर मतदान समाप्त होने के लिए निर्धारित समय के आधे घंटे बाद तक की अवधि के दौरान प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से एग्जिट पोल आयोजित करने और उनके परिणामों के प्रसार पर रोक रहेगी। हरियाणा, जम्मू व कश्मीर विधानसभा चुनावों की अधिसूचना एक साथ जारी होने के कारण मतदान शुरू होने का समय 18.09.2024 को सुबह 7 बजे से माना गया है। यह प्रतिबंध मतदान के दिन 5 अक्तूबर, 2024 को शाम 6:30 बजे तक प्रभावी रहेगा। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि अधिसूचना के अनुसार प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से एग्जिट पोल आयोजित करना, प्रकाशित करना या प्रचारित करना या किसी अन्य तरीके से प्रसारित करना, उक्त आम चुनाव के संबंध में किसी भी एग्जिट पोल के परिणाम पर 05.10.2024 (शनिवार) शाम 6.30 बजे तक रोक रहेगी। इसके अतिरिक्त, किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी जनमत सर्वेक्षण या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणाम सहित किसी भी चुनावी मामले को प्रदर्शित करना, आम चुनाव के संबंध में मतदान के समापन के लिए निर्धारित समय से समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान प्रतिबंधित रहेगा। इन नियमों का उल्लंघन करने पर दो साल तक की कैद या जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। सभी मीडिया घरानों को सलाह दी जाती है कि वे इस संबंध में निर्देशों का पालन करें।

# कांग्रेस के लोग भूखे बैठे है, पहले अपने घर भरने की बात बोलते हैं : नायब सैनी






स्वास्तिक न्यूज/विनय दिवान

**करनाल।** हरियाणा के असंध में आज भाजपा की जन आशीर्वाद रैली हुई। जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जनता को संबोधित किया। जन आशीर्वाद रैली में पहुंचने पर भाजपा प्रत्याशी योगेंद्र राणा ने गुलदस्तों और पगड़ी पहनाकर नायब सैनी का अभिनंदन किया।

सैनी ने कांग्रेस को लपेटे में लिया और कांग्रेस शासनकाल की कारगुजारियों को उजागर किया।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में 10 आईएमटी बनाई जाएगी। जिससे रोजगार के अवसर पैदा होंगे। जिससे स्थानीय क्षेत्र के 50 हजार लोगों को रोजगार मिलेंगे। भाजपा घोषणा पत्र नहीं बल्कि संकल्प पत्र लेती है। भाजपा ने हमेशा बुजुर्गों का सम्मान किया है। अब बुजुर्गों के इलाज की चिंता परिवार को नहीं बल्कि नरेंद्र मोदी को है।

### गोगी के वायरल वीडियो पर भी ली चुटकी

उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी पर तंज कसा और कहा कि कांग्रेस के प्रत्याशी कहते है कि सरकार आने पर मैं पहले अपना घर भरूंगा और फिर दूसरों का। यह कांग्रेस की नीति रही है और खुद ही सोचिए क्या कांग्रेस की यह नीति ठीक थी। जब राहुल बाबा को यह बात पता चली तो वह अपना तामझाम उठाकर असंध में आ गया और जनता को सफाई देने लगा। इन लोगों ने इस देश और प्रदेश को लूटने का काम किया है और वे भूखे बैठे हुए है और आते ही जनता को लूट लेंगे। और उनकी सोच सामने आ चुकी है। हुड्डा साहब हिसाब मांगते रहते है। इन्होंने झूठ की राजनीति की है और लोगों को गुमराह करने का काम करते है।

### योगेंद्र राणा ने जनहित में किया काम

इस दौरान सीएम नायब सैनी जनता को इनके बहकावे में आने की कोई जरूरत नहीं है। असंध से भाजपा प्रत्याशी योगेंद्र राणा ने कहा कि भाजपा ने जनहित में काम किया है और ईमानदारी से काम किया है। कांग्रेस की 10 साल की सरकार रही, उसमें कितना काम हुआ था और 10 साल की भाजपा सरकार में कितने काम हुए है। उसका अंदाजा खुद ही लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सीएम नायब सैनी ने सिर्फ 56 दिन ही काम किया और वे 56 दिन ही कांग्रेस के 10 सालों पर भारी पड़े है। भाजपा सच्ची नीयत और नीति के साथ काम करती है। न तो किसी को गुमराह करती है और न ही झूठ बोलती है।वहीं इस दौरान भाजपा प्रत्याशी योगेंद्र राणा ने लोगों से अधिक से अधिक भाजपा के लिए मतदान करने की अपील की। योगेन्द्र राणा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। जब से नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं तब से समूचे देश एवं हरियाणा प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन कल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों से प्रभावित होकर आज हर वर्ग भाजपा के साथ खड़ा है। जनता का भरपूर समर्थन भाजपा को मिल रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र एक ढकोसला है, जिसे प्रदेश की जनता भली-भांति जानती है और उनके बहकावे में आने वाली नहीं है। इस बार भी प्रदेश की जनता एकजुट होकर भाजपा के पक्ष में मतदान करेगी। आज हरियाणा प्रदेश में भाजपा की एकतरफा लहर चल रही है।

# हरियाणा में दुष्यंत और सांसद चंद्रशेखर के काफिले पर हमला



स्वास्तिक न्यूज/विनय दिवान

जींद। हरियाणा के जींद के उचाना विधानसभा क्षेत्र में सोमवार रात दुष्यंत चौटाला और आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष व सांसद चंद्रशेखर के रोड शो पर हमला हुआ। युवकों ने हो हल्ला करते हुए पत्थर फेंका, धूल उड़ाई। काफिले में शामिल चंद्रशेखर की कार का पिछला शीशा टूट गया। सूचना मिलने पर उचाना पवन कुमार भी मौके पर पहुंचे। उनके दुष्यंत के साथ बहस हुई। उचाना में जेजेपी के दुष्यंत चौटाला प्रत्याशी हैं और चंद्रशेखर उनके समर्थन में रोड शो करने आए थे। देर शाम को इनका काफिला उचाना कलां गांव में पहुंचा था। दुष्यंत व चंद्रशेखर रथ पर आगे चल रहे थे। इनकी कारें पीछे काफिले में थी। इसी दौरान यह घटना घटी। बता दें कि जेजेपी और आजाद समाज पार्टी (एएसपी) मिलकर हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव में जेजेपी ने 70 सीटों पर और आजाद समाज पार्टी ने 20 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। रोड शो को मौके पर रोक दिया गया और दुष्यंत व चंद्रशेखर भी रथ से उतर कर कार्यकताओं के बीच आ गए। कुछ ही देर में पूरे क्षेत्र में सूचना फैल गई कि दुष्यंत के काफिले पर हमला हो गया। कार्यकर्ता भी जुटने लगे। कुछ ही देर में दुष्यंत चौटाला भी मौके पर पहुंचे।

### दुष्यंत बोले- मैं कोई चेतावनी नहीं दे रहा हूं

पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि मैं कोई चेतावनी नहीं दे रहा हूं, अगर आप एक घंटे के अंदर चंद्रशेखर की गाड़ी पर हमला करने वालों पर कार्रवाई नहीं करते हैं तो, इसी बीच उचाना थाना रव्लड ने कहा कि हम केस दर्ज कर कार्रवाई करेंगे। इस पर दुष्यंत चौटाला ने कहा कि एफआईआर नहीं, आप हमलावरों को गिरफ्तार करें। आपने चुनाव के बीच में क्या तमाशा बनाकर रखा हैं।

### चंद्रशेखर बोले- आप मेरा मजाक उड़ा रहे हैं

इस मामले पर सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि एक सांसद के पास इतनी पावर होती है कि पुलिस को उसकी सुरक्षा करनी चाहिए। आप क्या कर रहे थे?

अगर कुछ हुआ था तो जवाब दें।

# चुनाव से पहले राम रहीम को पैरोल का विरोध: कांग्रेस ने लिखी इलेक्शन कमीशन को चिट्ठी, कहा-पोलिंग हो सकती है प्रभावित

स्वास्तिक न्यूज/विनय दिवान

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव से ठीक पहले डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम को पैरोल मिलने का विरोध शुरू हो गया है। कांग्रेस ने इस मामले में आपत्ति जताते हुए भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) को एक चिट्ठी लिखी है। उसमें कहा गया है कि राम रहीम जेल से बाहर आया तो चुनाव को प्रभावित कर सकता है। इसलिए, उसे आचार संहिता के दौरान पैरोल न दी जाए। आल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के लीगल सेल के केसी भाटिया की ओर से यह चिट्ठी लिखी गई है। कहा गया है कि हरियाणा में राम रहीम का मास बेस है।

इसके चलते हरियाणा के चुनावों को डेरा प्रमुख प्रभावित कर सकता है। चिट्ठी में लिखा है कि इससे पहले भी डेरा प्रमुख जेल से पैरोल और फरलो के जरिए बाहर आकर चुनावों को प्रभावित कर चुका है। इससे पहले हरियाणा विधानसभा चुनाव के बीच सोमवार, 30 सितंबर को चुनाव आयोग ने डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम की पैरोल को मंजूरी दी थी। हालांकि, आयोग ने 3 शर्तें लगाई हैं। राम रहीम आज (1 अक्टूबर) रोहतक की सुनारिया जेल से बाहर आ सकता है।



### आयोग की ओर से लगाई शर्तें...

**पहली:** जेल से बाहर आने के बाद हरियाणा में नहीं रहेगा।

**दूसरी:** कोई भी पॉलिटिकल एक्टिविटी में शामिल नहीं होगा।

**तीसरी:** सोशल मीडिया पर चुनाव प्रचार नहीं करेगा। चुनाव आयोग के सूत्रों का कहना है कि हरियाणा सरकार से कहा गया है कि अगर राम रहीम आचार संहिता या शर्तों का उल्लंघन करता है तो पैरोल तुरंत कैंसिल कर दी जाएगी।

हरियाणा में 5 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। रिजल्ट 8 अक्टूबर को आएगा। इसी वजह से राम रहीम की पैरोल को चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। इसका हरियाणा की 36 सीटों पर असर है। यौन शोषण और मर्डर केस में राम रहीम रोहतक जेल में सजा काट रहा है। पैरोल के दौरान राम रहीम उत्तर प्रदेश के बरनावा आश्रम में रहेगा।

### पिछली बार 21 दिन की फरलो पर बाहर आया था राम रहीम

साध्वियों के यौन शोषण और मर्डर केस में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम 20 साल की कैद काट रहा है। उसने हाल ही में सरकार से इमरजेंसी पैरोल मांगी थी। जेल विभाग को आवेदन कर 20 दिन की पैरोल देने के लिए कहा। इस दौरान उसने उत्तर प्रदेश के बरनावा आश्रम में रहने की बात कही। इससे पहले राम रहीम अगस्त में 21 दिन की फरलो पर बाहर आया था।

### केस में कैद, एक में बरी हो चुका राम रहीम

राम रहीम को 25 अगस्त 2017 को 2 साध्वियों के यौन शोषण केस में दोषी ठहराया गया था। इसी साल 27 अगस्त को उसे गिरफ्तार किया गया। इस केस में 28 अगस्त 2017 को उसे 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। जिसके बाद से वह रोहतक की सुनारिया जेल में बंद है। उसे 11 जनवरी 2019 को पत्रकार रामचंद्र छत्रपति की हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया और 17 जनवरी 2019 को उम्रकैद की सजा सुनाई गई।

# धर्मनगरी में सर्व पितृ अमावस्या पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, ब्रह्मसरोवर मे लगाई आस्था की डुबकी



सर्व पितृ अमावस्या के चलते बुधवार को श्रद्धालुओं में गहरी आस्था देखने को मिली। धर्मनगरी में पहुंचे श्रद्धालुओं ने अल सुबह ब्रह्मसरोवर, सन्निहित सरोवर व पिहोवा के सरस्वती तीर्थ पर स्नान किया और पितरों की शांति के लिए पिंडदान के लिए पूजा अर्चना कराई। जबकि कई श्रद्धालु हवन यज्ञ कर भगवान की पूजा अर्चना में लीन नजर आए। सर्वपितृ अमावस्या के चलते पंजाब, दिल्ली व उत्तर प्रदेश से हजारों की तादाद में श्रद्धालु पहुंचे थे। ब्रह्मसरोवर तट पर श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते दिनभर मेले जैसा माहौल बना रहा। *-स्वास्तिक न्यूज/कुरूक्षेत्र*

# कांग्रेस उम्मीदवार छौक्कर को झटका: हरियाणा के AG बोले- उन्हें आज सरेंडर करना होगा वर्ना पुलिस गिरफ्तार करेगी

स्वास्तिक न्यूज/विनय दिवान

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के बीच पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा के करीबी कांग्रेस उम्मीदवार धर्म सिंह छौक्कर को बड़ा झटका लगा है। हरियाणा के एडवोकेट जनरल बलदेव राज महाजन का कहना है कि पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने छौक्कर को कल तक सरेंडर करने के लिए कहा है। अगर वे सरेंडर नहीं करते तो पुलिस उन्हें गिरफ्तार करेगी। एडवोकेट महाजन ने कहा कि इस बारे में हाईकोर्ट में एक पिटीशन दायर हुई थी। जिसमें कहा गया कि चुनाव लड़ रहे कांग्रेस के एक पूर्व विधायक पर गंभीर आरोप हैं। उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हो चुका है। इसके बावजूद वह चुनाव में खुलेआम प्रचार कर रहे हैं। उनकी अग्रिम जमानत याचिका भी खारिज हो चुकी है। इसकी सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने यह आदेश दिया। बता दें कि छौक्कर पर एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट ने घर खरीदारों के पैसों की धोखाधड़ी में मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया है। इसी मामले में 5 महीने पहले एऊने उनके बेटे को गिरफ्तार किया था। जो अभी तक जेल में है।



छौक्कर पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबियों में गिने जाते हैं। धर्म सिंह छौक्कर, उनके बेटे सिकंदर सिंह और विकास छौक्कर माहिरा रियल एस्टेट समूह के मालिक और प्रमोटर हैं। प्रदेश की 90 सीटों पर 5 अक्टूबर को मतदान होना है। मतदान से ठीक 4 दिन पहले हाईकोर्ट ने छौक्कर के खिलाफ यह फैसला सुनाया है।

### हाईकोर्ट ने जारी किया था नोटिस

हरियाणा के एडवोकेट जनरल बलदेव राज महाजन के अनुसार, 2 दिन पहले धर्म सिंह छौक्कर के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी होने के बावजूद गिरफ्तारी न होने पर हाईकोर्ट ने चिंता जताई थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि प्रत्याशी प्रचार कर रहे हैं, फिर भी उनको गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है। हाईकोर्ट ने इस मामले में सरकार, एऊ और छौक्कर को नोटिस जारी किया था। इस मामले को लेकर वरिंदर सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। याचिका में बताया कि कई ऋक्ष्फ्र और एऊ द्वारा छौक्कर के खिलाफ दर्ज शिकायत में गैर जमानती वारंट जारी होने के बावजूद न तो पुलिस और न ही एऊ उन्हें गिरफ्तार कर रही है।

### 2 दिन में जवाब दाखिल करने के लिए कहा था

हरियाणा के एडवोकेट जनरल बलदेव राज महाजन के मुताबिक, गैर जमानती वारंट जारी होने पर भी छौक्कर ने नामांकन भरा है और खुलेआम चुनाव प्रचार कर रहे हैं। यह सुनकर हाईकोर्ट ने कहा कि हैरत की बात है कि जिसे पुलिस और ईडी ढूंढ रही है वह कैसे खुलेआम प्रचार कर रहा है। हाईकोर्ट ने याचिका पर हरियाणा सरकार सहित एऊ और धर्म सिंह छौक्कर को नोटिस जारी कर सोमवार तक जवाब दाखिल करने का आदेश दिया था।

करीब 14 माह पहले एऊ ने छौक्कर के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया था। एऊ के मुताबिक, छौक्कर से जुड़ा मनी लॉन्ड्रिंग का विवाद गुरुग्राम पुलिस की तरफ से दर्ज ऋक्ष्फ्र के बाद शुरू हुआ। जिसमें गुरुग्राम पुलिस ने साई आइना फर्म्स प्राइवेट लिमिटेड को धोखाधड़ी का आरोपी बनाया था। इस केस में कहा गया कि इस फर्म ने 1,497 लोगों से घर के बदले 360 करोड़ रुपए ले लिए। इन लोगों को दिल्ली के नजदीक गुरुग्राम के सेक्टर 68 में घर बनाकर देने का भरोसा दिया गया। हालांकि उन्होंने अपना वादा पूरा नहीं किया।

### पिछले साल छौक्कर के ठिकानों पर की थी रेड

पिछले साल जुलाई में छौक्कर के आवास, साई आइना फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड (अब माहिरा इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड), माहिरा ग्रुप की अन्य कंपनियों और कुछ अन्य के ठिकानों पर छापे मारे थे।

# हरियाणा चुनाव में खड़गे का दौरा फिर कैंसिल, अचानक तबीयत बिगड़ी

स्वास्तिक न्यूज/विनय दिवान

**चंडीगढ़।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आज हरियाणा के दौरा आज फिर से कैंसिल हो गया है। वह करनाल की इंद्री विधानसभा क्षेत्र के कुंजपुरा स्टेडियम में एक चुनावी रैली को संबोधित करने वाले थे। लेकिन अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने के कारण उनका प्रोग्राम कैंसिल हो गया है। इससे पहले खड़गे अंबाला में रैली करने वाले थे, लेकिन उस समय भी उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। इस कारण पार्टी ने अंबाला में उनका दौरा कैंसिल कर दिया था। इसके बाद पूर्व उट हुड्?डा ने ही उस रैली को संबोधित किया था। आज फिर पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्?डा ने रैली में पहुंचकर लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कुंजपुरा की धरती को नमस्कार किया। उन्होंने कहा कि मेरा बचपन कुंजपुरा की गलियों में बीता है। कुंजपुरा से मेरी बचपन की यादे जुड़ी हुई है। यहां से मैने शिक्षा ग्रहण की है। यहां पर अब हम कभी कभी आते थे। मैं हरियाणा में प्रोग्राम कर चुका हूं और जब मुझे कुंजपुरा के प्रोग्राम की जानकारी मिली तो मैने सोच लिया था कि मैं यहां पर जरूर आऊंगा। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में हवा है और कांग्रेस आ रही है और भाजपा जा रही है। जनता मन बना चुकी है कि आने वाला समय कांग्रेस का है। हमारी सरकार आते ही पूरे हरियाणा में अलग ही माहौल बनेगा। जो वायदे घोषणा पत्र में किए गए है उनको पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ईमानदार व्यक्ति को चुने और उस व्यक्ति को चुने जो आपकी आवाज को उठाए। आप कांग्रेस की सरकार बनाओ, और मेरी यह बात मान लो, सरकार आई तो मैं जनता की बात मानूंगा और उनके सारे काम करूंगा। कांग्रेस ने इंद्री से राकेश कंबोज को अपना उम्मीदवार बनाया है। राकेश को पिछली बार निर्दलीय चुनाव लड़े थे और हार गए थे। अब कांग्रेस ने उन पर भरोसा जताया है। राकेश के सामने इंद्री में भाजपा के उम्मीदवार रामकुमार कश्यप हैं, जिन्होंने उन्हें पिछले चुनाव में मात दी थी।



**प्रिंट लाईनः-** स्वास्तिक न्यूजपेपर के लिए मालिक मुद्रक एवं प्रकाशक विनय दीवान बी.डी. कॉर्प प्रिंटिंग प्रेस प्लाट नंबर 42-43, सेक्टर-29, पानीपत -132103 से मुद्रित तथा स्वास्तिक न्यूज कार्यालय कांगड़ा मोहल्ला मेन बाजार, वार्ड -8 सफीदों शहर, पिन कोड -126112 हरियाणा से जारी। संपादक एवं मुख्य संवाददाता विनय दीवान। मोबाइल नंबर 94160 73460 । समाचार से संबंधित सभी विवादों का कार्य क्षेत्र शिफ्ट सफीदों अदालत होगा । RNI Reg No. HARHIN/11380 Email: swastiknewssafidon@gmail.com

# दुष्यंत चौटाला, चंद्रशेखर आजाद के काफिले की गाड़ियों में तोडफोड़ के मामले में एक काबू

स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दिवान



फाइल फोटो

**जींद।** उचाना कलां में सोमवार की देर रात को चुनाव प्रचार के लिए गए पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला व एएसपी सांसद चंद्रशेखर आजाद के काफिले में शामिल गाडियों से तोडफोड़ के मामले में एक आरोपित नगर पालिका उचाना के पूर्व चेयरमेन इंद्र सिंह को पुलिस ने मंगलवार रात काबू किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।
हालांकि इस मामले में सात-आठ अज्ञात के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गौरतलब है कि रोहतक जिले के गांव चिड़ी निवासी सतीश कुमार ने उचाना थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 30 सितंबर की रात को पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला व एएसपी प्रमुख सांसद चंद्रशेखर चुनाव प्रचार के लिए उचाना कलां में पहुंचे थे।
रात 11 बजे के करीब जब उनका काफिला रविदास चौपाल के सामने पहुंचा तो वहां पर नगर पालिका उचाना के पूर्व चेयरमैन इंद्र सिंह सात.आठ लोगों के साथ वहां पर आए।
जहां पर जनसभा के बीच में ही गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने लगे।
इसी दौरान काफिले में शामिल उनकी गाडियों पर पथराव करके तोडफोड़ की।
हमला होते ही जनसभा में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया और तुरंत ही पुलिस को सूचित किया लेकिन तब तक आरोपित वहां से फरार हो चुके थे।

पुलिस ने नगर पालिका के पूर्व चेयरमेन इंद्र सिंह को नामजद करके सात-आठ अन्य लोगों के खिलाफ गाली गलौज, धमकी देने व गाड़ियों से तोडफोड़ करने का केस दर्ज किया था।

दुष्यंत चौटाला व चंद्रशेखर आजाद ने उचाना थाना प्रभारी को फटकार भी लगाई थी और कहा कि सांसद चंद्रशेखर को वाई सुरक्षा मिली हुई है।

बावजूद इसके इस तरह की वारदात हुइ है। पुलिस कोई कार्रवाई नही कर रही है। उन्होंने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर उचाना विधानसभा की अन्य आईपीएस से निगरानी करवाने की मांग की थी।

# महात्मा गांधी जी की जयन्ती के उपलक्ष्य में चलाया गया स्वच्छता अभियान




स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दिवान

**असन्ध।** सरकार के निदेर्शानुसारस्वच्छ भारत मिशन व स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के मद्देनजर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज नगरपालिका सचिव प्रदीप कुमार व नगरपालिका अध्यक्ष सतीश कटारिया के आदेशानुसार आज महात्मा गांधी जी की जयन्ती के उपलक्ष्य में श्री सतीश कटारिया चैयरमेन व वार्ड 16 पार्षद प्रतिनिधि चेन सिंह व वार्ड 02 पार्षद ऋषि के द्वारा महात्मा गाँधी जी के चरणों मे पुष्प अर्पित किए और अपने अपने वार्डो में अच्छा काम करने वाले 15 सफाईकर्मियों को सतीश कटारिया चैयरमैन द्वारा प्रशँसा पत्र देकर के सम्मानित किया गया। व पुलिस स्टेशन से लेकर के पुरानी अनाज मंडी व बाई पास तक कालोनी में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। व सभी सफाईकमीयी ने अपने अपने वार्डो में नेक नित से काम करने का वादा किया। ओर सभी नगरपालिका स्टाफ व सफाईकर्मी यो का मिठाई खिलाकर के मुँह मीठा करवाया गया। व आज 2 अक्टूबर गाँधी जयन्ती पर स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन किया गया।इस मौके पर नगरपालिका अकाउंटेंट जितेन्द्र कुमार व विक्रम स्वच्छ भारत मिशन अर्बन प्रेरक अजमेर,जसमेर जसवंत दरोगा,बलवंत साहयक, अर्जुन सफाईकर्मी,सुनता,संतोष,राजेन्द्र,हरपाल ,कुलदीप,ईश्वर व सभी स्टाफ साथ रहा।

# फाइनेंसरों से तंग आकर वीटा बूथ संचालक ने की आत्महत्या

स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दिवान

**जींद।** शिवपुरी कालोनी में वीटा बूथ संचालक ने फाइनेंसरों से तंग आकर मंगलवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुसाइड करने से पहले मृतक ने सुसाइड नोट छोड़ा है। इसमें शहर के आठ फाइनेंसरों पर प्रताड़ित करके आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। बुधवार को पुलिस ने आठ लोगों पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिवपुरी कालोनी निवासी सुरेंद्र ने बुधवार को शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके भाई मोहित ने नरवाना रोड पर वीटा बूथ खोला हुआ है और साथ में ही कबाड़ी का काम करता है। वर्ष 2022 में उसके भाई अमित का छोटा लड़का सीनू पैदा होते ही बीमार हो गया था। सीनू का हिसार के निजी अस्पताल में महंगा इलाज करवाया था। इलाज के लिए जुलानी रोड निवासी शीलो देवी से आठ लाख रुपये दस प्रतिशत ब्याज पर उठाए थे। शीला के रुपये लौटाने के लिए उसके भाई मोहित ने अलग-अलग कंपनियों व फाइनेंसरों से रुपये उठाए थे। सोमवार को सतीश नाम का फाइनेंसर उसके बूथ पर गया और रुपये देने के लिए कहा लेकिन मोहित ने कुछ समय मांगा था। इस पर फाइनेंसर सतीश कुमार उसके भाई के साथ ही घर पर चला गया। वहां पर गाली गलौज करने लगा और धमकी दी कि जब तक उसके रुपये नहीं मिलेंगे, तब तक वह यहां से नहीं जाएगा।

इससे उसका भाई परेशान हो गया और दुकान में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक वापस नहीं आने पर दुकान में जाकर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। उसकी जेब से एक सुसाइड नोट मिला।

इसमें उसने फाइनेंस पर रुपये देने वाले प्रवेश सरोहा, गांव संगतपुरा निवासी शीलो देवी, उज्जवीन बैंक कर्मचारी अनिकेत, श्री श्याम प्रॉपर्टी से सचिन, गोलू, सतीश, सतीश लाठर, गांव शाहपुर निवासी अमित, पाला, नर्सी के नाम लिखे हुए हैं और इन पर रुपये देने का दबाव बना कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप लगाए हुए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सभी आरोपितों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज किया है।

# सामान्य पर्यवेक्षकों ने सूक्ष्म पर्यवेक्षकों को दिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश

स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दिवान

**जींद।** सामान्य पर्यवेक्षक नारायण भरथ गुप्ता ने सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की कार्यशाला में उनकी ड्यूटी के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रथम और विशेष कार्य निर्वाचन कि पूरी प्रक्रिया कों स्वतंत्र और निष्पक्ष करवाना होता है।

आपका कार्य सिर्फ ऑब्जर्व करना होता है। मतदान केंद्र में जब मॉक पोल की प्रक्रिया होती है तो माइक्रो ऑब्जर्वर कि उपस्थिति अनिवार्य होती है। यदि आपकी ड्यूटी एक साथ दो या तीन मतदान केन्द्रो पर लगी है तो आपको मॉक पोल के दौरान सभी केन्द्रों पर घूमते रहना होगा। उन्होंने कहा कि आपको अपनी ड्यूटी को पूरी निष्ठा के साथ करना है। सूक्ष्म पर्यवेक्षकों को वलनरेबल एवं क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर सामान्य पर्यवेक्षकों की मदद के लिए तैनात किया जाता है।

सूक्ष्म पर्यवेक्षक मतदान की पूरी प्रक्रिया कों ऑब्जर्व करते हैं तथा इसकी पूरी रिपोर्ट सामान्य पर्यवेक्षकों को देनी होती हैं। ट्रेनिंग के नोडल अधिकारी एवं जिला राजस्व अधिकारी राज कुमार ने बुधवार दोपहर स्थानीय चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय मे



स्थित सी.वी. रमन ब्लॉक के ऑडिटोरियम हॉल मे सूक्ष्म पर्यवेक्षकों के लिए आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए बताया कि सूक्ष्म पर्यवेक्षकों को मतदान पार्टियों के साथ समन्वय बैठाकर टीम की भांति कार्य करना होता है तथा 18 बिंदु के प्रोफार्मा में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होती है। सूक्ष्म पर्यवेक्षक मतदान पार्टियों के साथ मतदान केंद्रों पर मतदान के पहले दिन पहुंचते हैं वे मतदान के दिन मॉक पोल की प्रक्रिया से मतदान संपन्न होने तक पूरी चुनाव प्रक्रिया पर पैनी नजर बनाए रखते हैं। सभी सूक्ष्म पर्यवेक्षक अलॉट किए गए मतदान केंद्रों की महत्वपूर्ण घटनाओं की भी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने कहा कि जिला में पांचों विधानसभाओं में तैनात की गई मतदान पार्टियों को तीन स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया है तथा सेक्टर अधिकारियों को भी प्रशिक्षण दिया जा चुका है ताकि हरियाणा विधानसभा आम चुनाव 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाया जा सके। सूक्ष्म पर्यवेक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यदि मतदान प्रक्रिया के दौरान कोई पीठासीन अधिकारी आयोग की हिदायतों अनुसार कार्य करने में असमर्थ रहता है तो सूक्ष्म पर्यवेक्षक उन्हें हिदायतों के बारे में जानकारी दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव ड्यूटी पर तैनात सूक्ष्म पर्यवेक्षक मतदान करने के लिए आवश्यक फार्म भरकर जमा करवाए ताकि पोस्टल बैलेट के माध्यम से उनका वोट डलवाया जा सके।

## सफीदों विधानसभा के सामान्य पर्यवेक्षक ने सूक्ष्म पर्यवेक्षकों को दिए टिप्स

सफीदों विधानसभा के सामान्य पर्यवेक्षक नारायण भरथ गुप्ता ने कहा कि सूक्ष्म पर्यवेक्षक मतदान के दौरान आदर्श आचार संहिता की पालना की निगरानी करें। वे सामान्य पर्यवेक्षक के प्रतिनिधि के तौर पर मतदान केंद्रों में मतदान प्रक्रिया पर नजर रखें तथा निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं पारदर्शी मतदान करवाने में अपनी भूमिका अदा करें। उन्होंने मतदान केंद्रों में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन मतदान केंद्र के अंदर पीठासीन अधिकारी तथा सूक्ष्म पर्यवेक्षक के अलावा किसी भी अन्य को मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म पर्यवेक्षक उन्हें अलॉट किए गए मतदान केंद्रों की मतदान पार्टियों के साथ ही रहें। मॉक पोल के दौरान मतदान पार्टी का कोई भी सदस्य मतदान केंद्र के बाहर नहीं आएगा। उन्होंने मॉक पोल एवं मतदान के दौरान ईवीएम व वीवीपैट में से किसी एक यूनिट में खराबी होने की स्थिति में पूरी यूनिट बदलने या केवल संबंधित यूनिट बदलने बारे भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। माइक्रो ऑब्जर्वर की ट्रेनिंग के तुरंत पश्चात मतगणना स्टाफ को मतगणना का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी एवं जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया का अंतिम भाग मतगणना होता है। सभी मतगणना स्टाफ को निर्धारित समय से आधा घंटा पहले मतगणना हॉल में आना होता है। चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार उनको मतगणना हॉल के अन्दर मोबाईल, इलेक्ट्रॉनिक सामान यहां तक की पैन भी ले जाना वर्जित है। सभी जरूरी सामान उनको भीतर ही उपलब्ध करवा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इस वक्त हम सभी चुनाव आयोग के अंतर्गत कार्य कर रहे है, इसलिए हमें पूरी निष्ठा, निष्पक्ष भाव एवं ईमानदारी से अपनी ड्यूटी निभानी है। इस अवसर पर चुनाव नायब तहसीलदार प्रदीप सरोहा, मास्टर ट्रेनर सूरजमल रुहिल एवं चुनाव से सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की पूरी मतदान प्रक्रिया के दौरान होती है अहम भूमिका

स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दिवान

**जींद।** सामान्य पर्यवेक्षक नारायण भरथ गुप्ता ने सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की कार्यशाला में उनकी ड्यूटी के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रथम और विशेष कार्य निर्वाचन कि पूरी प्रक्रिया कों स्वतंत्र और निष्पक्ष करवाना होता है।

आपका कार्य सिर्फ ऑब्जर्व करना होता है। मतदान केंद्र मे जब मॉक पोल कि प्रक्रिया होती है तो माइक्रो ऑब्जर्वर कि उपस्थिति अनिवार्य होती है। यदि आपकी ड्यूटी एक साथ दो या तीन मतदान केन्द्रो पर लगी है तो आपको मॉक पोल के दौरान सभी केन्द्रों पर घूमते रहना होगा। उन्होंने कहा कि आपको अपनी ड्यूटी कों पूरी निष्ठा के साथ करना है।

सूक्ष्म पर्यवेक्षकों को वलनरेबल एवं क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर सामान्य पर्यवेक्षकों की मदद के लिए तैनात किया जाता है। सूक्ष्म पर्यवेक्षक मतदान की पूरी प्रक्रिया कों ऑब्जर्व करते हैं



तथा इसकी पूर्ण रिपोर्ट सामान्य पर्यवेक्षकों को देनी होती हैं।

ट्रेनिंग के नोडल अधिकारी एवं जिला राजस्व अधिकारी राज कुमार ने बुधवार दोपहर स्थानीय चैधरी रणबीर सिंह विश्व विद्यालय मे स्थित सी.वी. रमन ब्लॉक के ऑडिटोरियम हॉल मे सूक्ष्म पर्यवेक्षकों के लिए आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए बताया कि सूक्ष्म पर्यवेक्षकों को मतदान पार्टियों के साथ समन्वय बैठाकर टीम की भांति कार्य करना होता है तथा 18 बिन्दु के प्रफोर्मा में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होती है।

सूक्ष्म पर्यवेक्षक मतदान पार्टियों के साथ मतदान केंद्रों पर मतदान के पहले दिन पहुंचते हैं वे मतदान के दिन मॉकपोल की प्रक्रिया से मतदान संपन्न होने तक पूरी चुनाव प्रक्रिया पर पैनी नजर बनाए रखते हैं। सभी सूक्ष्म पर्यवेक्षक अलॉट किए गए मतदान केंद्रों की महत्वपूर्ण घटनाओं की भी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं।

उन्होंने कहा कि जिला में पाचों विधानसभाओं में तैनात की गई मतदान पार्टियों को तीन स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया है तथा सेक्टर अधिकारियों को भी प्रशिक्षण दिया जा चुका है ताकि हरियाणा विधानसभा आम चुनाव 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाया जा सके। सूक्ष्म पर्यवेक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

यदि मतदान प्रक्रिया के दौरान कोई पीठासीन अधिकारी आयोग की हिदायतों अनुसार कार्य करने में असमर्थ रहता है तो सूक्ष्म पर्यवेक्षक उन्हें हिदायतों के बारे में जानकारी दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव ड्यूटी पर तैनात सूक्ष्म पर्यवेक्षक मतदान करने के लिए आवश्यक फार्म भरकर जमा करवाए ताकि पोस्टल बैलेट के माध्यम से उनका वोट डलवाया जा सके।

# बहला-फुसलाकर हाथ से निकाली सोने की अंगुठी

स्वास्तिक न्यूज/विशाल

**सफीदों।** नगर के रेलवे फाटक के पास दो बाईक सवार चार युवकों द्वारा बहला-फुसलाकर एक व्यक्ति से सोने की अंगुठी ठगने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बिटानी निवासी रणधीर ने कहा कि वह 29 सितंबर की सुबह सफीदों मण्डी से अपने खेत के कार्य के लिए गांव बिटानी में अपनी स्कुटी पर जा रहा था। जब वह हाट रोड़ पर रेलवे फाटक को क्रॉस करने लगा तो किसी अनजान व्यक्ति ने उसकी स्कूटी के बगल में अपनी बाईक लगाकर उसे रोका और राशन कार्ड व आयुष्मान कार्ड आदि बनाने के कैंप के बारे में पुछा। उसके कुछ ही देर बाद एक अनजान आदमी ओर आया उसने भी इन्हीं बातों का जिक्र करके उसे बातों में लगा लिया। कुछ ही देर बाद दो ओर अनजान लड़के एक-एक करके आए और सभी ने उसे चारों तरफ से घेर लिया और अपने आप को ईनामी पर्ची निकालने वाले बता रहे थे। इसी बीच उनमें से एक ने उसके हाथ की अंगुठी निकालकर कहा कि 20 ग्राम की है। उसने कहा कि इतनी भारी नहीं होती और उसने अपने बाएं हाथ की चौथी अंगुली में पहनी 1 तोले की अगुठी उनको निकालकर दिखाई की अंगुठी तो 1 तोले की होती है । मैने चैक कराने के लिए उनमें से एक के हाथ में अंगुठी दे दी। वो अंगुठी को बाईक के तेल की टंकी पर मारकर टन-टन की आवाज करने लगा। उसने पूछा तो उन्होंने बताया कि वजन चैक कर रहा हूं। शक होने पर उसने अंगुठी वापिस मांगी तो फुर्ती के साथ एक लडका एक बाईक पर और 3 लडके दूसरी बाईक पर बैठकर पुरानी अनाज मण्डी सफीदों की तरफ भाग गए। उसने शोर मचाया और उन्हे पकड़ने की कोशिश की लेकिन वे पकड़ में नहीं आए। वे चार अनजान युवक उससे ठगी करके उसके हाथ में 25 साल पुरानी एक तोले की पहनी हुई सोने की अंगुठी धोखे से ले गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय हिता की धारा 303(2), 318(4), 126(2), 3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# विधानसभा चुनावों के मद्देनजर सफीदों समेत कई गांवों में निकाला फलैग मार्च



स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दिवान

**सफीदों।** विधानसभा चुनावों के मद्देनजर सफीदों पुलिस व आईटीबीपी ने संयुक्त रूप से सफीदों नगर समेत कई गांवों में फलैग मार्च निकाला। फलैग मार्च की अगुवाई आईटीबीपी के असिस्टेंट कमांडेंट रोहित कुमार, सिटी थाना प्रबंधक ईश्वर सिंह व थाना प्रबंधक सदर आत्मा राम मौजूद ने की। यह मार्च नगर के नहर पुल, नागक्षेत्र मंदिर, अग्रसैन चौंक, पुरानी चुंगी, खानसर चौंक के अलावा गांव खेड़ा खेमावती, रोहढ़, मुआना, बुढ़ाखेड़ा, बहादुरगढ़, रोझला, हाट व अन्य गांवों से होकर निकला।

पत्रकारों से बातचीत में आईटीबीपी के असिस्टेंट कमांडेंट रोहित कुमार, सिटी थाना प्रबंधक ईश्वर सिंह व थाना प्रबंधक सदर आत्मा राम ने बताया कि भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव संपन्न करवाने के लिए सफीदों पुलिस ने आईटीबीपी के साथ इलाके में फलैग मार्च निकाला गया है। इस मार्च में पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से भयमुक्त होकर मतदान करने और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों के संबंध में पुलिस को सूचित करने कि अनुरोध किया गया। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे शांतिपूर्वक मतदान करने के साथ-साथ प्रशासन व पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने बताया कि पुलिस की शरारती तत्वों पर नजर बनी हुई है। क्षेत्र में नाकाबंदी करके लगातार गश्त भी की जा रही है। यदि किसी भी असामाजिक तत्व ने चुनाव प्रभावित करने का किसी ने प्रयास किया तो उसकी खैर नहीं है।

# सड़क दुर्घटना का मामला दर्ज

स्वास्तिक न्यूज/अनु शर्मा

**सफीदों।** सफीदों पुलिस ने सड़क दुर्घटना का मामला दर्ज किया है। पुलिस को दिए ब्यान में गांव सिल्लाखेड़ी निवासी विजेंद्र ने कहा कि वह सफीदों में एक किरयाने की दुकान पर काम करता है। 24 सितंबर को वह अपनी बाईक पर सवार होकर किरयाणा की दुकान से रात को करीब 9 बजे अपने गांव सिल्लाखेड़ी के लिए चला था। जब वह सफीदों से निकलकर लक्ष्मी पैलेस के नजदीक पहुंचा तो सामने जींद रोड़ की तरफ से एक मोटरसाईकिल ने उसकी बाईक को सीधी टक्कर दे मारी। टक्कर लगते ही वह और दूसरी बाईक वाला नामपता नामालुम चालक व एक अन्य युवक मोटरसाईकिल सहित सडक पर गिर पड़े।

# अर्पित मलिक का जर्मनी में हुआ साइंटिस्ट पद पर चयन



स्वास्तिक न्यूज/विशाल

**सफीदों।** भारत विकास परिषद सफीदों के सदस्य दलबीर सिंह मलिक के सुपुत्र अर्पित मलिक का जर्मनी में साइंटिस्ट पद पर चयन हुआ है। इस गौरवान्वित उपलब्धि पर भारत विकास परिषद सफीदों शाखा के सदस्यों ने प्रधान डा. नरेश वर्मा की अध्यक्षता में अर्पित मलिक का जोरदार अभिनंदन किया गया। इस मौके पर अर्पित मलिक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अर्पित मलिक के इस चयन पर परिवार में भी खुशी का माहौल है और उनके निवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। अपने संबोधन में

# फसल अवशेष न जलाने की घटनाओं को शून्य करने पर रेड जॉन की ग्राम पंचायतों को मिलेगी एक लाख रूपए तक की प्रोत्साहन राशि : उपायुक्त

स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दिवान

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने जिला के सभी पंच, सरपंच, नम्बरदार, जिला परिषद सदस्य,पंचायत समिति सदस्य तथा प्रत्येक सकारात्मक सोच वाले व्यक्तियों से अनुरोध किया कि सभी जनप्रतिनिधि अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन कर स्वयं और आस-पास के किसानों को फसल अवशेष जलाने पर रोक लगाएं, ताकि पर्यावरण व मानव जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव और भूमि की उपजाऊ शक्ति को नष्ट होने से बचाया जा सके। इस जिम्मेवारी का निर्वहन कर हम सभी ने अपनी फसल-अपनी नस्ल को बचाने में अग्रिम पंक्ति में खडे होकर योगदान करना चाहिए।
उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने किसानों से भी आह्वान किया कि फसल अवशेष जलाने से भूमि की उपजाऊ शक्ति, भूमि की ऊपरी सतह पर उपस्थित लाभदायक जीवाणु नष्ट होते है व हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है, पराली जलाने से भूमि के पोषक तत्वों में नाइट्रोजन, सल्फर, प्रोटास व ऑर्गेनिक कार्बन की भी हानि होती है। जिससे पर्यावरण दूषित होता है तथा मानव जीवन विशेषकर बच्चों व बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर कु प्रभाव पड़ता है। इन सभी घटनाओं से जिला का क्षेत्र ही नहीं अपितु आस-पास का 200-250 कि0मी0 का पर्यावरण भी श्वास लेने योग्य नहीं रहता तथा आस-पास की हवा की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है जो कि हानिकारक है। उन्होंने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा फसल अवशेष न जलाने के लिए प्रोत्साहन राशि देने की भी घोषणा की है, जिसमें जिला के 13 रेड जोन वाले गांवों में फसल अवशेष आगजनी की घटनाओं को शून्य करने पर संबंधित ग्राम पंचायत को एक लाख रुपए तथा यलो जोन वाले 58 गांवों में ग्राम पंचायत को 50 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। इसके लिए हम सभी ने सकारात्मक कदम बढाने की सख्त आवश्यकता है। उपायुक्त ने गांव के सरपंच/नंबरदार को इस बारे पाबंद करते हुए कहा कि किसानों को फसल अवशेष जलाने से होने वाली हानि को लेकर जागरूक करने के लिए जिला स्तरीय, उप-मण्डल स्तरीय, खण्ड स्तरीय व ग्राम स्तरीय समितियों का गठन किया गया है। ग्राम स्तरीय कमेटी, जो ग्राम स्तर पर बनाई गई है जिसमें कृषि विभाग के कर्मचारी, सम्बन्धित पटवारी व ग्राम सचिव गांव में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए कार्य करेगी। इसके अलावा कमेटी में गांव का सरपंच व नम्बरदार भी अतिरिक्त सदस्य के तौर पर कार्य करेंगे तथा अपने गांव में पराली जलाने सम्बन्धित घटनाक्रम पर आगामी कार्यवाही करते हुये प्रतिदिन की रिपोर्ट कमेटी को भेजना सुनिश्चित करेंगे। यदि उक्त मामले में किसी प्रकार की कोताही/लापरवाही की गई तो आप अनुशासनिक कार्यवाही के पात्र होंगे। डीसी ने बताया कि सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से ही पिछले वर्ष पराली जलाने की घटनाओं में 35 प्रतिशत की कमी आई है जिसके लिए आप बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि गांव व खंड स्तर पर कृषि विभाग के कर्मचारी भी आपकी मदद एवं सहयोग के लिए उपलब्ध होंगे। प्रत्येक गांव में विभाग द्वारा ग्राम स्तरीय कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अधिक से अधिक किसानों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।